प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/
पी0पी0पी0/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप/अनु04/2026/2132 **लखनऊःदिनांक—** 03/06/2026

विषयः—CUET एवं परिषद की सेमेस्टर/फार्मेसी की परीक्षा एक तिथि में पड़ जाने के कारण छात्र/छात्राओं की छूटी हुई सेमेस्टर/फार्मेसी परीक्षा पुनः संपन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई—2026 दिनांक 04—05—2026 से 05—06—2026 तक प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर वर्तमान में प्रचलित है।

अवगत कराना है कि CUET एवं परिषद की सेमेस्टर/फार्मेसी की परीक्षा एक तिथि में पड़ जाने के कारण कतिपय छात्र/छात्रा परिषद की सेमेस्टर/फार्मेसी की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके। ऐसे परीक्षार्थियों की सेमेस्टर/फार्मेसी की छूटी हुई परीक्षा पुनः संपन्न कराये जाने के संबंध में परिषद की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 02—06—2026 में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में **दिनांक 11—6—2026, 12—6—2026 एवं 13—6—2026 को जनपद के नोडल संस्थानों में संपन्न करायी जायेंगी।**

कृपया उक्त के संबंध में अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें। छात्र/छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत उक्त परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध है।

भवदीय,

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

पृ0सं0 प्राशिप/अनु04/2026/2133-38 **तददिनांक—** 03/06/2026

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
5. नोडल संस्थान, परिषद से सम्बद्ध राजकीय पालीटेक्निक, संस्थान।
6. प्रभारी/अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव

E:\cuet exam.docx